हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

12 ग्राम सभा में खींचा गांव के विकास का खाका



12 घंटाघर-सराय चौपटा सहित अन्य चौराहों पर गड्ढे दे रहे



खबर संक्षेप

खाप प्रधान कर्मबीर फरटिया का निधन

लोहारू। उपमंडल के गांव फरटिया केहर निवासी पूर्व सरपंच एवं खाप प्रधान कर्मबीर सिंह फरटिया का गुरूवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे लगभग 64 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव फरटिया केहर में गमगीन माहौल में किया गया। बता दें कि कर्मबीर फरटिया पिछले काफी वर्षों से खाप प्रधान थे और सामाजिक हित के मामलों में वे सदैव तत्पर रहते थे। यहीं नही कर्मबीर डूषसह कॉ-ऑपरेटिव बैंक निदेशक रहने के साथ साथ गांव के सरपंच प्रतिनिधि भी रहे। उनके निधन पर कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया सहित सामाजिक संगठनों के लोगों ने गहरा शोक प्रकट किया है।

बिजली पेंशनर्स की मासिक बैठक

भिवानी। हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी युनिट की मासिक बैठक नेहरू पार्क में एसोसिएशन के ऑडीटर रविन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन युनिट सचिव आरके चावला ने किया। बैठक में निगम अधिकारियों के प्रति रोष प्रकट किया गया क्योंकि पैंशजर्न के बहुत कार्य कार्योलयों में रूके हुए हैं और बार-बार कहने के बावजूद भी नहीं हो रहे। उन्होंने बताया कि बैठक में 1960 और 1961 में जन्में पैंशनर्ज को 18 नवंबर को जाट धर्मशाला में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। जिसके सफल आयोजन हेतु चर्चा की गई। इसके साथ ही जो पैंशनर्ज 70 वर्ष की आयू के हो चुके हैं उन्हें एल.टी.सी के लिए आवेदन करने के लिए प्रेरित भी किया। बैठक के दौरान अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी पैंशनर्ज फेडरेशन की पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग का समर्थन भी दिया।

रेनू डाबला 5 को सुनेंगी भिवानी में जन शिकायतें

भिवानी। हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति आयोग की उपाध्यक्ष रेनू डाबला 5 अक्टूबर को भिवानी जिले के दौरे पर रहेंगी। दौरे के दौरान वे लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों की जन शिकायतें सुनेंगी। जन शिकायतों की सुनवाई के लिए संबंधित शिकायतकर्ताओं की सूची भी निर्धारित की गई है। इसके बाद रविदास मंदिर में सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगी।

मीना 4 को हनुमान जोहड़ी धाम मंदिर में

भिवानी। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार 4 अक्टूबर को 11 बजे शहर में हनुमान जोहड़ी धाम मंदिर में एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। उपायुक्त कार्यालय से प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार मीना परमार कार्यक्रम के दौरान राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए महिला आयोग द्वारा उठाए जा रहे कदमों एवं प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी भी देंगी।

हेरोइन ला रहे बाइक सवार को किया काबू

भिवानी। पुलिस सीआईए स्टाफ प्रथम टीम ने मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक अनिल कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त एवं अपराध पड़ताल ड्यूटी पर गांव सुई में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर हांसी से मादक पदार्थ लेकर भिवानी की तरफ आने वाला है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी एवं चेकिंग शुरू की गई। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को काबू किया।

गांधी जयंती पर शिक्षकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा

शिक्षक व कर्मियों ने लघुसचिवालय के बाहर धरना देकर की भूख हड़ताल

40 हजार खाली पदों पर पक्की भर्ती व पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग, अतिथि अध्यापकों को नियमित करने व स्कूल मर्जर नीति पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। लघु सचिवालय के बाहर सत्याग्रह धरना एवं भूख हड़ताल कर रोष जताते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि


हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के अध्यापकों व कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शुक्रवार को लघु सचिवालय के सामने अध्यापकों और विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने एक दिवसीय सत्याग्रह धरना देकर भूख हड़ताल की। राज्यव्यापी आंदोलन प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर किया गया। धरने की अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रधान ने की तथा संचालन जिला सचिव सुमेर आर्य ने किया। इस सत्याग्रह को शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संघ, फायर ब्रिगेड कर्मचारी संघ, रिटायर्ड कर्मचारी संघ और हेमसा ने भी अपना पूर्ण समर्थन दिया।

जिला सचिव सुमेर आर्य ने सरकार की कर्मचारी और शिक्षा विरोधी नीतियों पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त जिन अध्यापकों की सेवा पांच वर्ष या उससे अधिक बचती है, उन पर 31 अगस्त 2028 तक टैट पास करने की शर्त थोपी जा रही है, अन्यथा उनकी सेवाएं समाप्त करने का फरमान जारी किया गया है। संघ इस अन्यायी शर्त को तुरंत रद्द करने तथा वरिष्ठता के आधार पर अध्यापकों को टैट से छूट देने की मांग करता है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के फैसलों के अनुसार अतिथि अध्यापकों को अतिशीघ्र नियमित करने की मांग उठाई। उन्होंने मांग की कि स्कूलों को मर्जर या बंद करने की बजाय शिक्षा का बजट बढ़ाया जाए, आबादी के अनुपात में नए स्कूल खोले जाए और प्रदेश में खाली पड़े शिक्षकों के 40 हजार पदों पर पक्की स्थायी भर्ती की जानी चाहिए। अध्यापक संघ के पूर्व राज्य नेता वजीर सिंह ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार अपने संवैधानिक कर्तव्यों से पीछे हट रही है और देश के नागरिकों को मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित करने का षड्यंत्र रच रही है। शिक्षा को निजी हाथों व कॉर्पोरेट घरानों के सुपुर्द किया जा रहा है। उन्होंने एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, एचकेआरएन को बंद कर सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, तबादला प्रक्रिया हर साल अप्रैल में पारदर्शी तरीके से पूरी करने, अध्यापकों से गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं करवाए जाने की मांग उठाई गई।

ये रहे शामिल

धरने को एसकेएस जिला प्रधान सुमेर आर्य, लोहारू से सतीश भेचू, सुशीला देवी, राज्य उपप्रधान व राज्य उपसचिव महेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। इस सत्याग्रह आंदोलन में अनीता शास्त्री, सुनीता, राजेश लांबा, रतन कुमार जिंदल, राजबीर कादयान, प्राचार्य श्रीकान्त, रविन्द्र, विनोद, संजय, राजेश, विजय मोहन, दिलबाग सिंह, चांदीराम, जोगेन्द्र, सुरेन्द्र, ओमप्रकाश दलाल, फतेह सिंह, विनोद बॉक्सर, सन्दीप पूनिया, पवन, अनूपसिंह तथा जोगेन्द्र पिलानिया आदि उपस्थित रहे।

अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा के अनुबंधित स्वास्थ्य कर्मचारियों के साढ़े तीन महीने से लंबित वेतन भुगतान को लेकर लंबे समय से चल रहा इंतजार अब जल्द समाप्त होने वाला है। कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हाउस चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से मुलाकात कर कच्चे कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस मुलाकात और प्रशासनिक वार्ताओं के बाद कर्मचारियों में अपने रुके हुए वेतन और अन्य हक मिलने की मजबूत उम्मीद जगी है।

जिलाध्यक्ष आबिद खान और जिला सचिव भूपसिंह के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सीधा संवाद कर अवगत करवाया कि साढ़े तीन माह से वेतन नहीं मिलने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों के परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की व्यथा को गंभीरता से सुना और तुरंत समाधान का भरोसा दिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से भी विस्तृत चर्चा की, जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और वेतन संबंधी रुकावटों को शीघ्र दूर कराने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से भी मुलाकात की। खुल्लर ने तुरंत एक्शन लेते हुए संबंधित फाइल को अति आवश्यक मार्किंग करके हरियाणा कौशल रोजगार निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को आगामी कार्रवाई के लिए भेज दिया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने एचकेआरएन की जीएम अंबिका पतियाल से सकारात्मक वार्ता की, जहां उन्होंने बहुत जल्द पेंडिंग सैलरी रिलीज करने का स्पष्ट आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में तोशाम से दुलीचंद, रवि प्लंबर, संजय व प्रीतम मुख्य रूप से शामिल रहे।

भिवानी-लोहारू रोड पर दर्दनाक हादसा

दो की मौत और तीन लोग गंभीर घायल

- नरहड़ पीर से दर्शन कर लौट रहे परिवार पर टूटा कहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

शुक्रवार अल सुबह नरहड़ पीर की दरगाह से दर्शन कर वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी की ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा पोकरवास गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी में सवार एक मासूम बच्चे और एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

जानकारी के अनुसार पांच लोग नरहड़ पीर, पिलानी की तरफ धार्मिक आस्था के तहत धोक मारने के लिए गए थे। इनमें तीन लोग भिवानी और दो लोग मंढाना क्षेत्र के रहने वाले थे और आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। दर्शन के बाद सभी लोग वापस भिवानी लौट रहे थे। सुबह करीब 8:15 से 8:30 बजे के बीच पोकरवास गांव के पास उनकी गाड़ी की भिवानी से लोहारू की ओर जा रहे एक ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में 5 से 6 साल के बच्चे अर्णव और करीब 50 से 52 वर्षीय सुलोचना की मौत हो गई। वहीं हादसे में रश्मि, अंजलि और कर्मवीर घायल बताए गए हैं। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका उपचार जारी है। जरूरत पड़ने पर घायलों को पीजीआई रोहतक रेफर किया जा सकता है।

क्या कहते हैं अधिकारी

डीएसपी संजीव ने बताया कि हादसा पोकरवास गांव के पास थाना क्षेत्र में हुआ है। हादसे में दो लोगों की मौत हुई है, जबकि तीन घायल हैं। पुलिस द्वारा आगामी कार्रवाई की जा रही है। वहीं, हादसे में किसी महिला के गर्भवती होने की बात पर डीएसपी ने कहा कि फिलहाल डॉक्टरों की ओर से इस संबंध में कोई लिखित जानकारी नहीं दी गई है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

नशे के खिलाफ सजेगा कलाकारों का महासंग्राम

भिवानी। छोटी काशी भिवानी में कला और खेल का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने और सामाजिक बदलाव की अलख जगाने के उद्देश्य से प्रदेशभर के जाने-माने कलाकार क्रिकेट के मैदान पर उतर रहे हैं। 17 से 21 अक्टूबर तक चलने वाली क्रिकेट लीग के लिए 30 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एचआर मंच के निदेशक अंकुश शर्मा और कोशिश एक पहल एनजीओ की प्रधान अधिवक्ता प्रियंका धूपड़ ने संयुक्त रूप से बताया कि लीग में 8 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें भिवानी स्टार, हरियाणवी दबंग्स, एमएच हरियाणवी, डीसी हरियाणवी फिल्म्स, अवनी राज फिल्म्स, शीलू के धुरंधर, डीएसएस मूवी टीम, एचएफ दिशु, व एसबी स्टार टीम शामिल रहेंगी। युवा पीढ़ी को नशे से निकालकर खेलों और सकारात्मक ऊर्जा की ओर आकर्षित करना सबका नैतिक दायित्व है, जब कलाकार मैदान में उतरकर खेल भावना का प्रदर्शन करेंगे तो इसका सीधा संदेश हर घर और युवा तक पहुंचेगा।

नपा चेयरपर्सन वंदना केडिया ने लोगों को योजनाओं के लाभ के लिए किया प्रेरित

- विश्राम गृह सिवानी में हुआ सेवा सेतु मेला फेज-2.0 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। सेवा सेतू कैम्प का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सेवा संकल्प अभियान के तहत शहरी क्षेत्र के लिए सेवा सेतु कैंप और मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला फेज-2.0 का आयोजन किया गया। नगरपालिका चेयरपर्सन वंदना केडिया ने मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने यहां पहुंचे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं स्टॉलों पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दें। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजनाओं की जानकारी को लेकर नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी लगाए गए।

नपा चेयरपर्सन ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉलों का अवलोकन किया। चेयरपर्सन केडिया ने कहा कि सेवा सेतु शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अंत्योदय व जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ देकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। सिवानी नपा का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों तक सरकार द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी पहुंचे। इस दौरान राजेश केडिया, जिला कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी ,राजकुमार नगरपालिका सचिव सुनील कुमार, उप अधीक्षक प्रवीन कुमार रहे।

गांव चांग में ग्रामीणों ने ली स्वच्छता की शपथ

भिवानी। सेवा संकल्प अभियान के तहत डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले की सभी 312 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया हुआ। ग्राम सभाओं में गांवों के समग्र विकास की तस्वीर खींची गई। गांवों में पेयजल आपूर्ति, स्वच्छता, ग्राम पंचायत विकास योजना, गांव को बाल विवाह मुक्त करना और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन व पात्र लोगों को लाभ दिलाने पर होगी विस्तार से चर्चा की गई। चांग महाग्राम पंचायत में डीडीपीओ सोमबीर कादयान पहुंचे, वहीं बड़सी गुजरान व बड़सी जाटान में रविंद्र दलाल पहुंचे। गांव चांग में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी सोमवीर कादयान ने ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। गांव की सरपंच सुदेश रानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ग्राम सभा में गांव में गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति, गंदे पानी की निकासी एवं प्रबंधन, अमृत सरोवर से जुड़े कार्य तथा जलभराव अथवा जल निकासी से संबंधित समस्याओं की भी समीक्षा की गई।



स्वच्छता में प्रत्येक नागरिक का योगदान जरूरी: एडीसी

तोशाम। सेवा संकल्प अभियान के तहत डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में शुक्रवार को महाग्राम तोशाम में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन हुआ। ग्राम सभा में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने ग्राम सभा में मौजूद सदस्यों से आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता में प्रत्येक नागरिक का योगदान जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से पानी की एक-एक बूंद बचाने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को ड्रग्स आदि किसी भी प्रकार के नशे से दूर रखना है। इसके लिए अपने आसपास क्षेत्र में निगरानी रखें। युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति प्रेरित करें।



एडीसी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव के समग्र विकास के लिए गांव के गणमान्य और जागरूक लोग आगे आएं। इसके साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद और पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। एडीसी ने कहा कि गांव में स्वच्छता बनाए रखने से गांव में पानी की निकासी भी निर्बाध रूप से होती है। सरपंच राजेश कुमार ने एडीसी का स्वागत करते हुए कस्बे में अतिक्रमण से लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने, पुराने कचरा प्वाइंट से कचरा उठान की मांग रखी।

निवेश के नाम पर 17 लाख 98 हजार रुपये की साइबर धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

भिवानी। थाना साईबर क्राईम पुलिस भिवानी ने आईपीओ में निवेश के नाम पर 17 लाख 98 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछ ताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव पहाड़ी, लोहारू निवासी सुरेंद्र कुमार ने थाना साईबर क्राईम भिवानी में शिकायत देकर बताया था कि उसके साथ कोटक स्क्रोटी लि. में ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर साईबर धोखाधड़ी की गई। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने व्हाट्सऐप के माध्यम से उससे संपर्क किया और ट्रेडिंग में निवेश कर अधिक लाभ दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों द्वारा पहले उसे आईपीओ में निवेश के लिए 01 लाख 89 हजार रुपये जमा करवाए गए तथा बाद में अलग-अलग बैंक खातों में कुल 17 लाख 98 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर करवा ली गई। मामले में कार्रवाई थाना साईबर क्राईम भिवानी के एएसआई प्रदीप कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ की। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने साईबर धोखाधड़ी की रकम प्राप्त करने के लिए अपना बैंक खाता आरोपियों को उपलब्ध करवाया था । आरोपी की पहचान निशाद निवासी कलाथिल, मलप्पुरम, केरल के रूप में हुई।

बिजली कार्यालय परिसर में सुरक्षा बैठक में एसडीओ ने विद्युत सुरक्षा संबंधी दिए निर्देश

लोहारू। बिजली निगम कार्यालय परिसर में बिजली निगम कर्मचारियों की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। जिसमें बिजली निगम एसडीएम मनोज कुमार ने कर्मचारियों को विद्युत सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम मनोज कुमार ने कहा कि कर्मचारी बिजली उपभोक्ताओं को सोलर सिस्टम लगवाने के लिए प्रेरित करें तथा इसके लाभों के बारे में जागरूक करें। सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं चाहे डीएस, एनडीएस या एलटी सभी उपभोक्ता निर्धारित समय पर बकाया बिजली बिल अदायगी करना सुनिश्चित करें। बैठक में लंबे समय से लंबित डिफॉल्टिंग अमाउंट की वसूली पर भी विशेष जोर दिया गया। जिन उपभोक्ताओं की बिजली बिलों की राशि काफी समय से बकाया है, उन्हें समय पर भुगतान करने के लिए सख्त रूप से निर्देशित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों की लंबित बिजली बिल राशि के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रेस एवं पत्राचार के माध्यम से सभी सरकारी विभागों को सूचित कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि वे अपने बिजली बिलों का समय पर भुगतान करें, ताकि बकाया राशि को कम किया जा सके और विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सके। बैठक में राजेश जेई, बलवान जेई, दिनेश जेई, रवि जेई, सुरेश जेई, सज्जन फोरमैन, जयप्रकाश फोरमैन, विनोद फोरमैन, राकेश फोरमैन, विकास फोरमैन , रोशन लाइनमैन संदीप, किरोड़ीमल, रविंद्र, कुलदीप लाइनमैन, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

- डीएस, एनडीएस और एलटी उपभोक्ता समय पर करें बिल का भुगतान
- लंबित डिफॉल्टिंग अमाउंट की वसूली पर दिया जोर

दिनोद स्थित राधास्वामी आश्रम में सतगुरु ने व्यक्त किए विचार

गांधी व शास्त्री के जीवन से सत्य की प्रेरणा लें : कंवर

महात्मा गांधी के योगदान के बिना भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कल्पना अधूरी : साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। सत्संग में प्रवचन देते संत कंवर साहेब।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जैसे दो महापुरुषों को नमन करने का दिन है। दोनों महापुरुषों ने अपने जीवन से भारत के जनमानस के सामने उच्च संस्कारों की मिसाल प्रस्तुत की। महात्मा गांधी जीवन-शुचिता और सत्य के प्रतीक हैं, जबकि लाल बहादुर शास्त्री कर्तव्य, सादगी और ईमानदारी के। उनके जीवन का अनुसरण करके हम सामाजिक और आध्यात्मिक दोनों गुणों को अपने जीवन में अपना सकते हैं। यह विचार परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने दिनोद गांव स्थित राधास्वामी आश्रम में सत्संग के दौरान व्यक्त किए।उन्होंने साध संगत को आध्यात्मिक वचनों से पूर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं। गांधी जयंती पर राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए गुरु महाराज ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन त्याग, समर्पण, दया, प्रेम और अहिंसा का साक्षात उदाहरण है। गांधी इंसान के दर्द को आत्मानुभूति से समझते थे। यही कारण था कि भारत की गरीब और वस्त्रहीन जनता को देखकर उन्होंने स्वयं भी न्यूनतम वस्त्रों में रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि गांधी के योगदान के बिना भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कल्पना अधूरी है।

सादगी की प्रेरणा देता है लाल बहादुर शास्त्री का जीवन

लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि उनका जीवन सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि साधारण परिवार में जन्म लेने वाला व्यक्ति भी अपने आदर्शों और कर्मों के बल पर उच्च पद प्राप्त कर समाज और राष्ट्र के सामने आदर्श स्थापित कर सकता है। शास्त्री ने पद को प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और जिम्मेदारी का दायित्व माना। गुरु महाराज ने कहा कि सत्संग केवल किसी आयोजन में बैठने का नाम नहीं है, बल्कि सत्य की संगति का नाम है। गांधी ने सत्य, अहिंसा, दया और त्याग को अपने जीवन की करणी बनाया, वहीं शास्त्री ने ईमानदारी, कर्तव्य और राष्ट्रसेवा को अपने आचरण में उतारा।



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर


नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन




एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग

में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल' से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के आदर्श ही देश की आत्माः गुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पंडित नेकीराम शर्मा पुस्तकालय प्रांगण में जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी की संयुक्त अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पुस्तकालय परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प मालाएं अर्पित करके किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन भारतीय इतिहास में एक अमिट और ऐतिहासिक तिथि है, ये दिन केवल महात्मा गांधी की जयंती का अवसर नहीं, बल्कि ये दिन देश को सत्य, अहिंसा, सादगी और भाईचारे जैसे उन महान मूल्यों की याद दिलाता है, जो भारत की आत्मा हैं।




भिवानी। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी व अन्य।

गुलिया व चौधरी ने कहा कि इसी ऐतिहासिक दिन देश को जय जवान, जय किसान का अमर नारा देने वाले भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी है। शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और देश के प्रति अटूट समर्पण हम सभी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। आज के दौर में देश को मजबूत और एकजुट बनाए रखने के लिए ये समय की मांग है कि सभी वैचारिक मतभेद भुलाकर गांधी और शास्त्री के दिखाए एकता और भाईचारे के मार्ग पर चला जाए। कांग्रेस नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सीधा और बड़ा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महान राष्ट्रनायकों के आदर्शों व सोच को पूरी तरह भुला चुकी है। भाजपा देश को तोडऩे और विकास के रास्ते से पीछे धकेलने का काम कर रही है। पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज व कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने अथक त्याग एवं संघर्ष से देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाई थी, लेकिन आज देश की मौजूदा परिस्थितियां बेहद चिंताजनक हैं।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कुंवर बीर सिंह, देवराज महता, कामरेड रवि खन्ना, सुरेंद्र परमार ईटीओ, जिला पार्षद रूपेंद्र ग्वेाल, समीर खटीक, दीपेश सारसर, संजीव जागलान, मुकेश पहाड़ी, अमन तंवर राघव, अजय हालुवासिया व अक्षित घणघस आदि मौजूद रहे।



भिवानी। गांधी जयंती पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए।

गांधी व शास्त्री जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को किया याद

भिवानी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई भिवानी द्वारा दोनों महान विभूतियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, जिला प्रभारी अरविंद यादव और पूर्व मंत्री जेपी दलाल सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शास्त्री के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन देश के दो ऐसे युगपुरुषों के स्मरण का पर्व है, जिन्होंने भारतीय समाज और स्वाधीनता को नई दिशा दी। वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और जनभागीदारी से स्वतंत्रता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने आजाद भारत में सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की सर्वोच्च मिसाल पेश की। कौशिक ने कहा कि शास्त्री द्वारा दिया गया जय जवान, जय किसान का नारा देश की असली ताकत और आत्मा की पहचान कराता है। उन्होंने सीमा पर तैनात जवान और खेत में पसीना बहाने वाले किसान दोनों को बराबर सम्मान दिया। भाजपा जिला प्रभारी अरविंद यादव ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत और शास्त्री जी का अनुशासित व सादा जीवन हमेशा समाज के लिए प्रेरणा बने रहेंगे। दोनों नेताओं का संपूर्ण जीवन राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित रहा।

गांधी-शास्त्री जयंती पर अग्रवाल सभा ने किया महापुरुषों को नमन

चरखी दादरी। अग्रवाल सभा की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्थानीय रासिवासिया धर्मशाला में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। अग्रवाल सभा



के प्रधान कैलाश रिटोलिया एवं महासचिव विष्णु गोयल ने अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि महापुरुषों की जयंती उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल सभा सामाजिक एवं राष्ट्रहित के कार्यों में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभा के मार्गदर्शक रविन्द्र सिंह गुप्ता ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों महान नेताओं का जीवन त्याग, सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। भाजपा जिला महामंत्री रविन्द्र शिलगर ने युवाओं से गांधी के सत्य-अहिंसा तथा शास्त्री के सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ईश्वर चंद अधिवक्ता, रामकुमार रिटोलिया, राधेश्याम गर्ग, बिशंबर देवसरिया, कृष्ण मकड़ानिया, सुरेश पाण्डवानिया, हरिराम खुडानिया आदि रहे।

प्रेमनगर में पौधरोपण अभियान चला मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

भिवानी। गांव प्रेमनगर के हाई स्कूल प्रांगण में सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और अतिथियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया और स्कूल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यतिथि नगर पालिका बवानीखेड़ा के चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुंदर अत्री, अध्यक्षता गावं



प्रेमनगर सरपंच राजेश कुमार और विशिष्ट अतिथि अशोक परमार बवानीखेड़ा ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके की। इसके पश्चात मुख्यतिथि एवं अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों ने स्कूल प्रांगण में पौधरोपण किया और स्कूल के पिछले हिस्से में जमकर सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई। मुख्यतिथि सुंदर अत्री ने कहा कि स्वच्छता ईश्वर की भक्ति के समान है और इसका स्थान जीवन में सर्वोपरि है। हम सभी को अपने आसपास सफाई रखनी चाहिए।

भाषण प्रतियोगिता में आईटीआई की स्टेनो इंग्लिश की प्रिया प्रथम

भिवानी। उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर स्वच्छता अभियान एवं विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम एवं महापुरुषों के आदर्शों के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। इस अवसर पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं



योगदान पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आईटीआई भिवानी की स्टेनो इंग्लिश की प्रिया प्रथम, महिला आईटीआई तोशाम की कोपा की अंजलि द्वितीय व आईटीआई भिवानी की स्टेनो इंग्लिश की मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को क्रमशः 1100, 750 एवं 500 की पुरस्कार राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। कार्यक्रम के अतिरिक्त संस्थान में सभी छात्राओं एवं कर्मचारियों द्वारा व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान संस्थान परिसर, कक्षाओं एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।प्रधानाचार्य श्री पंकज सोनी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन सादगी, अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी तथा स्वच्छता अभियान में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।



चरखीदादरी। एचडी स्कूल में महापुरुषों को नमन करते हुए स्टाफ सदस्य।

गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने लिया आदर्शों पर चलने का संकल्प

चरखी दादरी। एचडी पब्लिक स्कूल, बिरोहड़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। प्राचार्या नमिता दास, उप-प्राचार्य नवीन सनसनवाल, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यालय परिवार ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। सत्याग्रह, स्वदेशी, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता के माध्यम से उन्होंने देशवासियों में एकता एवं जागरूकता का भाव पैदा किया। उनका जीवन सादगी, सत्य, अहिंसा और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति के प्रतीक थे।

कांग्रेस कार्यालय में मनाई गांधी-शास्त्री जयंती, नेताओं ने किया श्रद्धापूर्वक नमन

चरखी दादरी। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दोनों महान नेताओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के माध्यम से देशवासियों को एकजुट कर स्वतंत्रता आंदोलन को जनआंदोलन बनाया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, त्याग और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ राष्ट्रसेवा की मिसाल कायम की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के 2 से 8 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, राजू मान, दलबीर गांधी, डॉ. ओमप्रकाश, करण गौठड़ा आदि रहे।



चरखीदादरी। कार्यक्रम में शामिल कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता।



चरखीदादरी। आर्य स्कूल में महापुरुषों को नमन करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

आर्य स्कूल में गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

चरखी दादरी। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झोझू कलां में बुधवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने दोनों महापुरुषों के जीवन, आदर्शों और देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वच्छता और मानव सेवा से जुड़े विचारों को विद्यार्थियों ने मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर और आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाचार्य डॉ. परमेन्द्र चितोडिया ने कहा कि गांधी का जीवन सादगी, सत्य, अहिंसा और मानव सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सादगी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक बताया।

गांधी जयंती पर स्काउट्स-रोवर्स ने स्वच्छता पर्यावरण संरक्षण व नशामुक्ति का दिया संदेश

भिवानी। महात्मा गांधी और पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को द हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स से जुड़े चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा नशा मुक्ति अभियान चलाया। कार्यक्रम राज्य मुख्यालय चंडीगढ़ व जिला प्रशासन के दिशा-निर्देशानुसार संपन्न हुआ। ग्रुप अध्यक्ष व भिवानी विधायक घनश्याम दास सर्राफ, ग्रुप लीडर सागर सज्जन सिंह तथा कोऑर्डिनेटर लक्ष्मण गौड़ के मार्गदर्शन और सहग्रुप लीडर अमित कुमार की अध्यक्षता में स्काउट्स, रोवर्स और रेंजर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित नेकीराम लाइब्रेरी परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक स्नान करवाकर की गई। इसके बाद लाइब्रेरी प्रांगण में विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए उगी हुई झाडियों व गाजर घास को साफ किया।



भिवानी। महात्मा गांधी जयंती पर उनकी प्रतिमा परिसर में साफ सफाई अभियान चलाते स्काउट्स रोवर्स।

हेमसा के प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान को भ्राता शोक

- राकेश सिटी स्टेशन के पास रक्षित फार्मासिस्ट शॉप का करते थे संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन (हेमसा) के प्रांतीय प्रधान संदीप सांगवान के छोटे भाई फार्मासिस्ट राकेश सांगवान का शुक्रवार शाम लगभग साढ़े तीन बजे आकस्मिक निधन हो गया है, वे 47 वर्ष के थे। राकेश सांगवान सिटी स्टेशन के पास रक्षित फार्मासिस्ट शॉप का संचालन करते थे। वे अपने पीछे 17 वर्षीय बेटा रक्षित जिसने हॉल ही में 12वीं कक्षा पास की है और 9वर्षीय बेटी परी जो पांचवी कक्षा में पढ़ रही



राकेश सांगवान का फाइल फोटो।

है को छोड़कर गए हैं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 3 अक्टूबर को सुबह 8 बजे उनके पैतृक गांव गढ़ टेकना जिला रोहतक में किया जाएगा। राकेश सांगवान तीन चार दिन से अस्वस्थ चल रहे थे और ज्यादा तबीयत बिगड़ने के चलते उन्हें महम रोड स्थित नीजि अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालत में सुधार नहीं होने के चलते उन्हें गुरुवार देर शाम दिल्ली रैफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

गांधी जयंती पर आदर्श महिला कॉलेज में एक दिवसीय एनएसएस शिविर

भिवानी। आदर्श महिला महाविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर एनएसएस यूनिट-1 एवं यूनिट-2 के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। स्वच्छता, सामाजिक सेवा, अनुशासन और आत्मनिर्भरता जैसे उनके आदर्शों को केवल विचारों तक सीमित न रखकर अपने व्यवहार और दैनिक जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। स्वयंसेविकाओं में स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई।



भिवानी। जागरूकता रैली निकालते एनएसएस यूनिट के सदस्य।



चरखीदादरी। महापुरुषों को नमन करते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के पदाधिकारी।

गांधी और शास्त्री जयंती पर अग्रवाल वैश्य समाज ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

चरखी दादरी। अग्रवाल वैश्य समाज, चरखी दादरी की ओर से रेलवे रोड स्थित कार्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानी वाला के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उपस्थित गणमान्यों और समाज के सदस्यों ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष सुरेश ऐरन ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव के मार्ग पर चलकर देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वच्छता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को लेकर उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। प्रदेश महासचिव बलराम गुप्ता ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे।

न्यूज डायरी



बड़ा गुरुद्वारा में लगाया विशाल रक्तदान शिविर

बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के बड़ा गुरुद्वारा में बाबा बंदा बहादुर के दसवे गुरु जितेंदर पाल सोढ़ी जी के 83वे जन्मदिन को समर्पित करते हुए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर यूनिट रक्तदान किया। जिसमें भिवानी के फ्रीडम ब्लड बैंक 43 यूनिट, समर्पण ब्लड बैंक 32 ने यूनिट व एक्स बाड़सा 156 की टीम ने यूनिट कुल 231 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया। कार्यक्रम में डेरा बाबा बन्दा बहादुर रियासी जम्मू कश्मीर दसवें वशंज एवं वर्तमान गद्दीनशीन बाबा जतिन्द्र पाल सिंह जी सोढ़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

आदर्श स्कूल विद्यार्थी आध्यात्मिक स्थलों का करेंगे भ्रमण

तोशाम। आदर्श कैरू व आदर्श कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैरू के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं निशुल्क चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण करेंगे। संस्था के चेयरमैन आर के बंगालिया ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस बार भी राज्य स्तर पर कक्षा 10वीं व 12वीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों के साथ-साथ वर्तमान में हुई अर्धवार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कक्षा पाँचवीं से 12वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से निशुल्क शैक्षणिक भ्रमण के दौरान वृंदावन व मथुरा में आध्यात्मिक तथा आगरा और फतेहपुर सीकरी में ऐतिहासिक व प्रतापगढ़ में हरियाणवी संस्कृति को नजदीकी से देखने का मौका मिलेगा।

श्री श्याम गुणगान में कन्हैया मित्तल ने बांधा समां

चरखी दादरी। दादरी के गांधी नगर स्थित सीसीआई ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम गुणगान महोत्सव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भजन गायक कन्हैया मित्तल सहित अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। अल सुबह तक श्रद्धालु श्याम बाबा के भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम में दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे।वहीं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और श्रुति चौधरी के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। श्री श्याम दीवाने सेवा दल सहारा भवन ट्रस्ट की ओर से आयोजित महोत्सव में रात्रि जागरण के लिए आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था।

रासलीला के चौथे दिन हुआ गंधर्व विवाह मंचन

चरखी दादरी। श्री कृष्ण लीला कमेटी के तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड परिसर में चल रही रासलीला के चतुर्थ दिवस वृंदावन से पधारे मुकेश चंद्र तिवारी की मंडली ने श्रीकृष्ण-राधा के गंधर्व विवाह और माखन चोरी की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। सजीव प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्ति और भाव के रंग में सराबोर कर दिया। मंचन में राधा-कृष्ण के गंधर्व विवाह का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। जगतपिता ब्रह्मा जी द्वारा पुरोहित बनकर विवाह संपन्न करवाने के दृश्य ने दर्शकों को प्रेम, आत्मिक मिलन, श्रद्धा और समर्पण का संदेश दिया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध नजर आए।

विधायक धनश्याम और एसडीएम ने किया अनाज मंडी का दौरा

फसल खरीद में किसानों को नहीं होगी परेशानी : सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ और एसडीएम महेश कुमार शुक्रवार को नई अनाज मंडी में पहुंचे। यहां पर उन्होंने बाजरे की खरीद की प्रक्रिया का जायजा लिया। विधायक श्री सर्राफ ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। विधायक सर्राफ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि किसान खेतों में अपना पसीना बहाते हैं। वे हमारे लिए अन्नदाता



भिवानी। बाजरे की खरीद का निरीक्षण करते विधायक घनश्याम सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

हैं। किसानों की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा बाजरे पर 600 रुपए प्रति क्विंटल भावांतर भरपाई के तहत दिया जाएगा। किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। किसानों की चिंता सरकार को है। वहीं दूसरी ओर विधायक ने कहा कि फसल खरीद के दौरान मंडियों में बिजली, पानी और स्वच्छता के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। वहीं पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि फसल खरीद के दौरान किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार ने बताया कि फसल खरीद की निरंतर निगरानी की जा रही है। इसके लिए डीसी साहिल गुप्ता द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव संदीप लोहान, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप और आढ़ती भी मौजूद रहे।

गांव झुप्पा में बाबा श्याम बगीची में लगाई त्रिवेणी

लोहारू। गांव झुप्पा कलां में संतोष देवी ने अपनी सास स्वर्गीय शरबती देवी और अपनी बड़ी बहन स्वर्गीय घोघड़ी देवी की याद में त्रिवेणी लगाई। समाजसेवी दर्शनानंद नेहरा ने बताया कि श्राद्ध पक्ष में बड़, पीपल और नीम के पौधों की त्रिवेणी लगाना बहुत फलदायक है क्योंकि त्रिवेणी में सभी देवी-देवताओं व पितरों का वास होता है। इस मौके पर संतोष देवी ने शास्त्रों का संदर्भ देते हुए बताया कि त्रिवेणी में ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का वास माना गया है। त्रिवेणी को लगाने, लगवाने या किसी भी तरह इसकी सेवा करने से समस्त देवता एवं पितृ स्वतःपूजित हो जाते हैं। इस मौके पर ईश्वर सिंह श्योराण, रामसिंह नेहरा, अधिवक्ता रचना नेहरा, प्रवक्ता रचना नेहरा, सूर्यांशी नेहरा आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पीएमश्री स्कूल में छात्राओं को किया सम्मानित

लोहारू। रिटायर्ड प्राध्यापक जगदीश सिंह ने कहा कि वर्तमान में छात्राएं किसी भी क्षेत्र में कम नही है, शिक्षा, खेल, विज्ञान और संस्कृति सहित अनेक क्षेत्रों में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। वे पीएमश्री विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित कर रहे थे। प्राचार्य पूनम श्योराण की अध्यक्षता में उन्होंने पिछले तीन सत्रों के दौरान अव्वल रही छात्रा आंचल, रजनी, दीपिका, प्रिया और स्नेहा को नकद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ नुक्कड़ नाटक

लोहारू। सावित्रीबाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य प्रमोद कुमार तथा एनएसएस प्रभारी निशा कुमारी के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो गाथा, लीगल लिटरेसी, उद्यमिता एवं राष्ट्रीय नवाचार चुनौतियो आदि विषय पर एक नुक्कड़ नाटक एवं विस्तार व्याख्यान किया गया। नाटक से छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं के उद्देश्यों के लिए उनके महत्व को रेखांकित किया गया।

वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर

भिवानी। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा सिनियर सिटीजन क्लब, सेक्टर-13 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके अधिकारों, स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता तथा समाज में उनके योगदान पर विचार-विमर्श किया गया।

एमएसपी में बढ़ोतरी ऊँट के मुंह में जीरा समान : सैनी

तोशाम। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष रोहतास सिंह सैनी तथा सचिव बस्तीराम ने संयुक्त रूप से प्रेस को जारी एक बयान में केंद्र सरकार द्वारा रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को ऊँट के मुँह में ज़ीरा समान बताया तथा गेहूँ के एमएसपी में मात्र 25 रुपये की बढ़ोतरी किसानों के साथ धोखा कहकर इसकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी स्वामीनाथन आयोग की सी2+50 प्रतिशत की सिफारिश पर आधारित नहीं है।

प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता निरंतर सक्रियता के साथ कार्य कर रहे : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के आगामी 4 अक्टूबर को भिवानी आगमन को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस दौरान संगठन की आगामी गतिविधियों को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता निरंतर सक्रियता के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन के दौरान जिले के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चों एवं विभिन्न संगठनात्मक इकाइयों के कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के आगमन को लेकर जिले में तैयारियां तेज

कार्यकर्ताओं की मेहनत से संगठन मजबूत : दलाल

पूर्व मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है और सभी को मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नंदराम धानिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योरान, प्रदेश नमो ऐप संयोजक मनोज ढाणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा राजबाला श्योरान, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, प्रदीप प्रजापति, शालू अरोड़ा, केके ग्रोवर, जिला प्रवक्ता विनोद चावला, जिला सचिव सोनिया अत्री, लवकेश बंटी, सुनील डावर, नरेन्द्र तालू, सुशीला, जिला मीडिया सह प्रभारी नितिन भारद्वाज, मंडल पालक रविन्द्र बापोड़ा, राजेश साकरोडिया मंडल अध्यक्ष सुनील धारेडू, नवीता तंवर, शिवराज बागड़ी, रोहताश चौहान, विक्की महता, प्रदीप मुंढाल, नवीन परमार, बड़सी मंडल प्रभारी सूर्यप्रताप, बीएलए-1 दिनेश वर्मा, एनजीओ प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश धनखड़, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष सुंदर पाल आदि मौजूद रहे।



भिवानी। आयोजित बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए।

पूर्व मंत्री दलाल ने किया समारोह स्थल का निरीक्षण, अधिकारियों की लगाई जिम्मेदारी



बहल। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के अभिनंदन समारोह की तैयारियां देखते हुए पूर्व मंत्री जेपी दलाल।

बहल। भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के 4 अक्टूबर को बहल आगमन को लेकर क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हैं। बहल की नई अनाज मंडी में होने वाले कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शुक्रवार को हरियाणा के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने नई अनाज मंडी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच, टेंट, कार्यकर्ताओं और आमजन के बैठने की व्यवस्था समेत आयोजन से जुड़ी अन्य तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



भिवानी। काली पट्टी बांधकर जादूगर एस कुमार जूनियर की बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार। फोटो: हरिभूमि

आंखों पर पट्टी बांधकर एस कुमार जूनियर ने दिखाया गजब कारनामा

- पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. कृष्ण ने जादूगर एस कुमार जूनियन की बाइक को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

बैंक कॉलोनी त्रिवेणी रोड पर कृष्णा अस्पताल में पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया और जादूगर एस कुमार जूनियर की आंखों पर पट्टी बांधकर उनकी बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जादूगर एस कुमार जूनियर ने काली पट्टी बांधकर पूरे शहर में बाइक चलाई। जादूगर एस कुमार जूनियर तीन अक्टूबर से जाट धर्मशाला में जादू का शो दिखाकर शहरवासियों का मनोरंजन करेंगे। इस मौके पर अस्पताल में पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार ने लगभग 200 मरीजों की जांच की और उनको उचित परामर्श दिया। शुक्रवार को त्रिवेणी रोड स्थित कृष्णा अस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं जादूगर को आंखों पर काली पट्टी बांधकर बाइक चलाने का कार्यक्रम निर्धारित किया। पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. कृष्ण कुमार ने लोगों मुक्त करने, जागरूकता एवं उत्साह भरने के उद्देश्य से प्रसिद्ध जादूगर एस कुमार जूनियर के साहसिक बाइक शो का आयोजन किया है। पूर्व डिप्टी सीएमओ डॉ. कृष्ण व मौजूद लोगों ने जादूगर एस कुमार जूनियर की दोनों आंखों पर आटे से बनी टिकियां और रूई लगाकर काले कपड़े से पट्टी बांधी गई और बाइक चलाने का हैरतअंगेज कारनामा दिखाने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जादूगर एस कुमार जूनियन ने पूरे शहर में आंखों पर पट्टी बांधकर बाइक चलाकर हैरतअंगेज कारनामा दिखाया और लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया।

कल होंगे तीन शो

जादूगर एस कुमार प्रतिदिन शाम सात बजे एक शो और रविवार के दिन तीन शो दिखाएंगे और लोगों का मनोरंजन करेंगे। जादूगर एस कुमार ने कहा कि आजतक लोग बहुत अधिक तनाव से गुजर रहे हैं, उनका मनोरंजन बहुत जरूरी हैं, ताकि वे तनाव से मुक्ति पा सकें। वहीं अस्पताल में डॉ. कृष्ण कुमार ने मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू, चिकनगुनिया, वायरल, पीलिया, निमोनिया, टीबी, पेट संबंधी बीमारियों, बीपी, शुगर व थायराइड से पीड़ित मरीजों की जांच की और उन्हें उपचार एवं बचाव के उपाय भी बारीकी से बताए।

लोहारी जाटू में ग्रामीणों से मांगे गांव के विकास एवं स्वच्छता के सुझाव

ग्राम सभा में खींचा गांव के विकास का खाका

अधिकारियों ने वीबी रामजी के तहत अगले पांच साल के विकास कार्यों की योजना बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गांव लोहारी जाटू में आयोजित ग्राम सभा में विभिन्न विभागों से पहुंचे अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों के सुझावों के आधार पर गांव के विकास का खाका खींचा। गांव में बाल विवाह मुक्त तथा नशा मुक्त बनाए जाने के लिए शपथ दिलाई। साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के बारे में भी अवगत करवाया गया। विकसित ग्राम पंचायत प्लान के तहत ग्रामीणों से स्वच्छता व सार्वजनिक विकास कार्यों के सुझाव मांगे। अधिकारियों ने वीबीजी रामजी के तहत अगले पांच साल के विकास कार्यों का योजना तय की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में भी पूरी जानकारी दी। करीब चार घंटे तक ग्राम सभा में अनेक मुद्दों व योजनाओं पर बातचीत हुई। बाद में ग्राम सभा में उपस्थित अधिकारियों न ग्रामीणों को गांव को नशा मुक्त बनाने, बाल विवाह मुक्त व अन्य बुराईयों को मिटाए जाने की शपथ दिलाई। आयोजित ग्राम सभा की बैठक में सरपंच दर्शना कुमारी, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश कुमार, मत्सय विभाग, पंचायत विभाग, मनरेगा, जनस्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा व बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे।



भिवानी। ग्राम सभा की बैठक में कार्यवाही की प्रक्रिया पूरी करवाते हुए।

बैठक में ग्रामीणों ने रखे ये प्रमुख सुझाव

गांव में स्वच्छ पेयजल सप्लाई, नाले व नालियों में गोबर व कचरा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई,कन्या स्कूल में भूमिगत पानी बनी किचड़ में मिट्टी भराई, ब्वायज स्कूल की टूटी चार दिवारी को दुरुस्त करवाने, गांव में बढ़ती वानरों की संख्या के चलते उन्हें पकड़वाने व लंगूर की व्यवस्था करवाने, उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सूई की बजाए बवानीखेड़ा से जोड़ने, द्वितीय जलघर की पाइप लाइन को बवानीखेड़ा माइनर से जोड़ने, खेतों के कच्चे रास्ते पक्के करवाने, हांसी रोड से पुर-जाटू लोहारी रोड तक के आडा रास्ता को पक्का करवाए जाने, जैसी मांग रखी। जिनको पंचायत सक्रेट्री ने तत्काल कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज की। इस मौके पर एसडीओ रविंद्र कुमार, पंचायत सचिव सुरेंद्र श्योराण, मत्सय विभाग से दिव्या कुमारी,एबीपीओ ललित कुमार, जेई सचिन शर्मा, पूर्व सरपंच विरेंद्र, सुलेख, नेपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों के सुझाव होंगे सरकारी पोर्टल पर अपलोड

बताया जाता है कि आज जो ग्राम सभा की बैठक हुई है। उन बैठकों में जो ग्रामीणों ने सुझाव दिए है। उनको अधिकारियों द्वारा प्रदेश व केंद्र सरकार के विभिन्न पोर्टलों पर अपलोड करना होगा। ताकि ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों पर जल्द ही अमल हो पाए। ग्राम सभा की मीटिंग खतम होते ही अधिकारी उस वक्त पोर्टल पर सुझावों को अपलोड करते नजर आए।

महाग्राम पंचायत सचिव सुरेंद्र श्योराण ने ग्राम सभा की कार्यवाही शुरू करवाई। सबसे पहले मनरेगा की जगह वीबीजीराम जी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस योजना के तहत गांव में कराए जाने वाले विकास कार्यों के बारे में बताया गया। साथ में ग्रामीणों से उक्त योजना के तहत होने वाले कार्यो के सुझाव मांगे। ताकि आने वाले पांच सालों में ग्रामीणों द्वारा बताए गए विकास कार्य पूरे करवाए जा सके। उसके बाद गांव को बाल विवाह व नशा मुक्त बनाए जाने के लिए लोगों को जागरूकता अभियान चलाए जाने का आहवान किया। ताकि गांव को बाल विवाह व नशा मुक्त बनाया जा सके।

गांव झरवाई में विशेष ग्राम सभा में जल संरक्षण की ली ग्रामीणों ने शपथ

भिवानी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को गांव झरवाई में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच कमला देवी ने की, जबकि इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर गांव के चहुंमुखी विकास, स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को दोहराया। इस विशेष ग्राम सभा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील रंगा, जिला सलाहकार अशोक भाटी, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी राहुल, पशु चिकित्सालय रूपगढ़ के प्रतिनिधि तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगांव की मेडिकल टीम भी मौजूद रही। कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील रंगा एवं जिला सलाहकार अशोक भाटी ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बूंद अनमोल है और भविष्य की पीढ़ी के लिए जल स्रोतों को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस दौरान अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई तथा जल अर्पण अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए ग्राम सचिव निशा कुमारी ने वीबी रामजी योजना के अंतर्गत गांव में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना से गांव की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। वहीं, सरपंच कमला देवी ने गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिला सलाहकार अशोक भाटी द्वारा ओएंडएम नीति के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। ग्राम सभा को संबोधित करते हुए सरपंच कमला देवी ने कहा कि हमारे गांव का विकास तभी संभव है जब हर ग्रामीण स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को अपनी दिनचर्या में शामिल करे। महात्मा गांधी जी के सपनों का भारत बनाने की शुरुआत हमें अपने गांव झरवाई से करनी है। पंचायत प्रशासन गांव में शुद्ध पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और विकास कार्य कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

- स्वच्छता को दिनचर्या में शामिल कर ही हो सकता है गांव का विकास : सरपंच कमला देवी

भाषण प्रतियोगिता में छात्रा प्रिया रही प्रथम

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में राजकीय आईटीआई में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान, भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और राष्ट्र के प्रति योगदान पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आईटीआई भिवानी की स्टेनो इंग्लिश की छात्रा प्रिया ने, द्वितीय स्थान महिला आईटीआई तोशाम की कोपा की छात्रा अंजली ने तथा तृतीय स्थान आईटीआई भिवानी की स्टेनो इंग्लिश की छात्रा मानसी ने प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को क्रमशः 1100 रुपये, 750 रुपये एवं 500 रुपये की पुरस्कार राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। संस्थान के प्रधानाचार्य पंकज सोनी ने कहा कि महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

नवदुर्गा संस्था ने किया पौधरोपण

- प्रकृति की सेवा निरंतर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी : जावला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गांधी जयंती के अवसर पर महम रोड स्थित जन स्वास्थ्य विभाग परिसर में नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था की ओर से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया गया। संस्था के पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला ने पौधा लगाते हुए कहा कि प्रकृति की सेवा किसी एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर निभाई जाने वाली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन स्वच्छता, सादगी और समाज के प्रति जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए पौधारोपण को केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित रखने के बजाय लगाए गए पौधे की देखभाल कर उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहरों में लगातार बढ़ती गर्मी, प्रदूषण और घटती हरियाली के बीच पौधारोपण की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी जिम्मेदारी भी स्वयं उठाए, तो सामूहिक रूप से पर्यावरण में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। युवाओं को भी इस अभियान से जोड़कर उनमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित की जानी चाहिए। संस्था द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत लोगों को पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।



भिवानी। गांधी जयंती पर पौधारोपित करते हुए।

सभी लगाएं पौधा

जेई जावला ने कहा कि एक पौधा आज मिट्टी में लगाया जाता है, लेकिन आने वाली पीढ़ियों को उसकी छाया, ऑक्सीजन और हरियाली मिलती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के विशेष अवसरों को पौधारोपण से जोड़ना चाहिए।

'उत्कर्ष' की तैयारियों को लेकर दूसरी बैठक

चरखी दादरी। महिला कालेज झोझूकलां में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय, भिवानी के डिपार्टमेंट ऑफ यूथ वेलफेयर के तत्वावधान में 22 से 24 अक्टूबर तक होने वाले विश्वविद्यालय के 8वें युवा महोत्सव 'उत्कर्ष' की तैयारियों को लेकर दूसरी बैठक हुई। बैठक के दौरान सभी प्रतिभागी टीमों को टीम कोड आवंटित किए गए। साथ ही युवा महोत्सव के प्रस्तावित कार्यक्रम के टेंटेटिव शेड्यूल पर टीमों और संबंधित प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए, ताकि आयोजन की व्यवस्थाओं को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके। डायरेक्टर यूथ वेलफेयर सीबीएलयू डॉ. सोनम शेखावत ने कहा कि युवा महोत्सव से संबंधित नियम एवं विनियम पूर्व में सभी टीमों को उपलब्ध करवाए जा चुके हैं और वे यथावत रहेंगे।

न्यूज डायरी

पीटीएम में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर मंथन

चरखी दादरी। बीआर शिक्षण संस्था द्वारा संचालित आईपीएस स्कूल, बिरही कलां में टर्म-1 परीक्षाओं के बाद अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर अभिभावकों को उनकी शैक्षणिक प्रगति, विषयवार प्रदर्शन और सुधार की संभावनाओं की जानकारी दी गई। बैठक में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई।



स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय पाखंड खंडन सम्मेलन शुरू



भिवानी। नई अनाजमंडी के समीप तिकोना पार्क में शुक्रवार से स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय पाखंड खंडन सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। आर्य समाज की ओर से आयोजित सम्मेलन 4 अक्टूबर तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में फैल रहे अंधविश्वास, कुरीतियों और वैचारिक प्रदूषण का जड़ से खात्मा करना है। उद्घाटन सत्र के दौरान आर्य सम्मेलन स्वामी दिव्यानंद जींद ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर संयोजक बाबूलाल आर्य, पूर्व एसडीएम इन्द्रसिंह आर्य, डा. देवेंद्र बोहरा, जयप्रकाश आर्य निमड़ीवाली, ओमप्रकाश आर्य प्रधान कन्या गुरुकुल पंचगांव, जया आर्य प्राचार्य कन्या गुरुकुल पंचगांव, नंदकिशोर आचार्य गुरुकुल लाढ़ोत, कविता आर्य एडवोकेट, ओमप्रकाश सैनी आदि मौजूद रहे।

भागवत कथा के समापन पर व्यास पूजा



भिवानी। श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम एवं समापन दिवस पर सुदामा चरित्र एवं व्यास पूजा का विशेष दर्शन कराया गया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-शांति एवं लोकमंगल की कामना की। कथा के सप्तम दिवस में सुदामा चरित्र ने श्रद्धालुओं को सच्चे मित्र प्रेम, निष्काम भाव और भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण का भावुक संदेश दिया। इस अवसर पर कथा आयोजक शिक्षाविद त्रिलोकचंद गोयल, आनंद गोयल, डॉ संजय गोयल, डॉ पवन गोयल, सुमन गोयल, सीमा गोयल, भावना गोयल, समाजसेवी रमेश हेतमपुरिया जी, सज्जन अग्रवाल, मुकेश कुमार, सुधीर जालान , अजय बंसल, अजय जालान, सुन्दरलाल गोटेवाले, देवराज तोशामिया, नरेश गर्ग, शुभम सिंगला, सतीश गोयल रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

समस्या

जर्जर सड़कों और जलभराव को लेकर जमकर फूटा लोगों का गुस्सा

घंटाघर-सराय चौपटा सहित अन्य चौराहों पर गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता: भगवानदास

- अधिकारी कागजों में भेज रहे फर्जी रिपोर्ट, सरकारी ग्रांट का नहीं हो रहा सही इस्तेमाल : कालिया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

भिवानी शहर की जर्जर सड़कों और सीवर व्यवस्था के कारण लगातार हो रहे जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का गुस्सा फूट पड़ा है। घंटाघर चौक, सराय चौपटा, रोहतक गेट, बिचला बाजार, जैन चौक और ढाणा रोड जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश होते ही सड़कों पर पानी भर जाता है और आए दिन ई-रिक्शा पलटने से लोग घायल हो रहे हैं। इस पर भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भगवानदास कालिया ने प्रशासनिक अधिकारियों पर आरोप लगाए। कालिया ने कहा कि पिछले डेढ़-दो साल से उनका अभियान चल रहा है, जिसमें शहर की पानी, सीवर और घंटाघर से तोशाम रोड, हांसी गेट से तिगड़ाना मोड़, घंटाघर से दादरी गेट, बिचला बाजार की खस्ताहाल सड़कों के सुधार की मांग की जा रही है।



भिवानी। दुर्घटना को न्योता देता चौक पर खुला पड़ा पानी वॉल्व।

समाधान नहीं

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि वे पिछले कई वर्षों से नगर परिषद के प्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं, लेकिन केवल लीपापोती की जाती है और स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा।